बिहार में नए एयरपोर्ट को मिली मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के पटना के बिहटा में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा नए एयरपोर्ट के निर्माण की मंज़ूरी प्रदान की गई है।

मुख्य बिंदु

- **बिहटा एयरपोर्ट के बारे में:**
  - इस एयरपोर्ट का निर्माण भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा लगभग 459 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।
  - एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य रूस की एक कंपनी को सौंपा गया है।
  - इस एयरपोर्ट को वर्ष 2026 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।
  - एयरपोर्ट के निर्माण के हेतु बिहार सरकार ने लगभग 108 एकड़ ज़मीन आवंटित की है।
  - इसके साथ ही लगभग 2000 करोड़ रुपए की लागत से दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, जों वर्ष 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है।
- **बिहटा एयरपोर्ट के लाभ:**
  - यह एयरपोर्ट न केवल **पटना शहर से जुड़ा रहेगा**, बल्कि पूरे बिहार और आसपास के क्षेत्रों के लिये एक नया हवाई यातायात केंद्र बनेगा।
  - इससे प्रमुख शहरों की **हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा** मिलेगा।
  - व्यापार और पर्यटन **के क्षेत्र में वृद्धि होगी।**
  - एयरपोर्ट के निर्माण से स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
  - यात्री सुविधाओं में सुधार होगा और यात्रा की लागत में कमी आएगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)

- AAI एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा 1 अप्रैल, 1995 को किया गया था।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- यह प्राधिकरण **ग्राउंड (Ground) और एयरस्पेस (Airspace) दोनों में** नागरिक उड्डयन अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन,रखरखाव और प्रबंधन का कार्य करता है।
- वर्तमान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) 137 विमानपत्तनों का प्रबंधन करता है, जिसमें 23 अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन, 10 सीमा शुल्क विमानपत्तन, 81 घरेलू विमानपत्तन तथा रक्षा वायु क्षेत्रों में 23 घरेलू सिविल एन्क्लेव शामिल हैं।
- AAI हवाई नेविगेशन सेवाएँ भी प्रदान करता है साथ ही विमानन पेशेवरों के लिये एक प्रशिक्षण संस्थान संचालित करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-airport-gets-approval-in-bihta